भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
20.11.2019 के
अतारांकित प्रश्न सं. 617 का उत्तर

इको-स्मार्ट स्टेशन

617. डॉ॰ बीसेट्टी वेंकट सत्यावतीः
श्री श्रीधर कोटागिरीः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने इको-स्मार्ट स्टेशनों के रूप में विकसित करने के लिए 37 स्टेशनों को चिन्हित किया है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या इस योजना का हिस्सा बनने वाले रेलवे स्टेशनों का चयन करने में किन्हीं मापदंडों का अनुपालन किया गया था; और
घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

(क) से (घ): माननीय राष्ट्रीय हरित न्यायाधिरकण (एनजीटी) ने कम से कम 5% प्रमुख रेलवे स्टेशन को ईको-स्मार्ट स्टेशन के रुप में विकसित करने का आदेश दिया है। तदनुसार, 16 क्षेत्रीय रेलों में से प्रत्येक से 2-3 स्टेशनों को शामिल करते हुए 720 प्रमुख स्टेशनों में से 5% स्टेशन का चयन किया गया था और इस प्रकार कुल 37 स्टेशन का चयन किया गया था।

एनजीटी के निदेशों के अनुसार, 37 स्टेशनों की सूची भारतीय रेल की वेबसाईट पर भी निम्नलिखित लिंक पर अपलोड कर दिया गया हैः-

http://www.indianrailways.gov.in/railwayboard/uploads/directorate/Environment_management/2019/EnHM_Station_List_13082019.pdf

******